nt>

Title: Need to introduce mobile telephone services in Bharuch Parliamentary constituency, Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के उम्मला राजपाडरी, नेत्रान, डडीयापाड़ा तथा मंगरौल में मोबाइल टेलीफोन सेवा नहीं है। यह सारा क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है और विकास के पथ पर है। इस संबंध में गुजरात के मुख्य महाप्रबंधक एवं भरूच जिला के जिला दूरसंचार प्रबंधक से मिल चुका हूं और इस संबंध में लिखित रूप से भी सूचित कर चुका हूं, परंतु अभी तक इस कार्य में कोई भी प्रगति नहीं हुई है और दूरसंचार की बैठक में उक्त मामले को कई बार उठा चुका हूं।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त क्षेत्रों में मोबाइल टेलीफोन सेवा तत्काल उपलब्ध करवाई जाए।